पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————————

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के तीन भवनों का ऑनलाइन शिलान्यास

————————

विद्यार्थियों के हृदय में देश–सेवा का दीप जलायें

———————

सरदार वल्लभभाई पटेल का सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा तथा देश सेवा में समर्पित–

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊ : 31 अक्टूबर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के तीन भवनों, इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंटीग्रेशन भवन, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी भवन तथा मल्टीपर्पज लेक्चर हाल काम्प्लेक्स भवन का राजभवन से ऑनलाइन शिलान्यास किया। राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को कम्प्यूटर तथा स्मार्ट क्लासेज की व्यवस्था करने तथा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर कमेटी बनाने का निर्देश दिया, जिससे की निर्माण कार्य समय से पूरा हो सके। उन्होंने विद्यार्थियों का सम्पूर्ण विकास हो सके इसके लिए स्पोर्टस की सुविधा तथा पोषण की जानकारी देने का निर्देश दिया।

कुलाधिपति जी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री

भारतरत्न लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 से ज्यादा रियासतों को एकत्र करके अखण्ड भारत के सपने को साकार करने तथा देश को एकता के सूत्र में बांधने का अनुकरणीय कार्य किया। उन्होंने कहा कि दूरदृष्टा पटेल जी का सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा तथा देश सेवा के कार्य में समर्पित था। राज्यपाल जी ने कहा कि हमारे पार्षद, विधायक एवं अधिकारियों को पटेल जी के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए तथा ऐसा कार्य करना चाहिए जिससे समाज एवं राष्ट्र का विकास हो सके।

राज्यपाल जी ने कहा कि ग्रामीण विकास रक्षा पॉलिसी से संबंधित अध्ययन केन्द्रों का निर्माण और इन पर रचनात्मक तथा शोधात्मक प्रयोग किसी भी शैक्षिक संस्था के लिए उन्नति का मार्ग का प्रशस्त करती है। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में अपना बेहतर प्रदर्शन देने का निर्देश देते हुए कहा कि बच्चे भारत का भविष्य हैं, आने वाले समय में यही बच्चे देश को सजाने, संवारने तथा आगे ले जाने का कार्य करेंगे। इसलिए विश्वविद्यालय का लक्ष्य सिर्फ पठन–पाठन तक सीमित ना रहें, उनको सामाजिक ज्ञान देने तथा संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को पर्यावरण, वृक्षारोपण, पानी की बचत तथा कृषि की नयी–नयी तकनीकों से अवगत कराये, जिससे की विद्यार्थी यह सोचना शुरू करें कि किसान को कैसे फायदा पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने दीपावली की बधाई देते हुए विद्यार्थियों के हृदय में देश–सेवा का दीप जलाने की अपील की।

ऑनलाइन कार्यक्रम में डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के कुलपति प्रो0 रवि शंकर सिंह एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकगण सहित अन्य लोग भी जुड़े हुए थे।

––––––

राजभवन (76/33)

डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ०प्र०)
राष्ट्रीय एकता दिवस
के सुअवसर पर
सरदार पटेल राष्ट्रीय एकात्मता,
मल्टीपरपज लेक्चर हॉल काम्पलेक्स,
इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी
के
भवनों का
शिलान्यास कार्यक्रम
अयोध्या
दिनांक : 31 अक्टूबर, 2021
स्थान : स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह